भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †85
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्मारक मित्र योजना

†85. **श्री रघु राम कृष्ण राजू:**
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विरासत स्थलों को गोद लेने और उनका रख-रखाव करने के लिए 'स्मारक मित्र' योजना शुरू की है, ताकि पुनर्गठित 'स्मारक मित्र' योजना के अंतर्गत देश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के लगभग एक हजार स्मारकों के रखरखाव में निजी कंपनियां भागीदार बन सकें; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस योजना की राज्य-वार वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : जी हां, महोदय । 'एक विरासत अपनाएं: अपनी धरोहर, अपनी पहचान' को पर्यटन मंत्रालय द्वारा संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और विभिन्न राज्यों/संघ क्षेत्र सरकारों के सहयोग से आरंभ में 27 सितंबर, 2017 को शुरू किया गया था, जिसमें स्मारक मित्र नामक इकाइओं को मूलभूत पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके रख-रखाव संबंधी गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति दी गई थी । अब, सीपीएमएस के लिए विशेष रूप से योजना के एक संशोधित संस्करण की परिकल्पना की गई है जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने सीएसआर निधियों के माध्यम से सीपीएमएस में सुविधाओं के समूह को विकसित करने/प्रदान करने के लिए निजी/सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से जुड़ने के लिए एक कार्यढांचा तैयार करने की परिकल्पना की है ताकि आगंतुकों के अनुभव को बढ़ाया जा सके और उन्हें आगंतुकों के अनुकूल बनाया जा सके। इस संशोधित संस्करण को केंद्रीय संस्कृति मंत्री द्वारा 4 सितबंर, 2023 को "एडॉप्ट ए हेरिटेज प्रोग्राम 2.0" नाम से शुरु किया गया था, जिसमें वे इकाइयां, जिन्हें अब स्मारक सारथी और स्मारक साथी कहा जाता है, को उनकी भागीदारी की प्रकृति के अनुसार गैर-संरक्षण गतिविधियां जैसे कि स्मारक परिसर की सफाई के अतिरिक्त मूलभूत पर्यटक सुविधाएं प्रदान करने और वॉशरूम, पेयजल, शिशु देखभाल कक्ष, बेंच, पाथ-वे कूड़ेदान, संकेतक, एसईएल शो, प्रदिप्तीकरण आदि के रख-रखाव हेतु एएसआई के परामर्श और उचित मार्गदर्शन में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की गई है ।

(ख): सीपीएमएस की पहचान, आवेदन और स्वीकृति की संपूर्ण प्रक्रिया के साथ-साथ इन इकाइयों का चयन अत्यंत निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह से ऑनलाइन हो गया है । तथापि, सीपीएमएस के पुरातात्विक संरक्षण और परिरक्षण से संबंधित कार्य विशेष रूप से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के विशेषज्ञों द्वारा अपने आबंटित बजट से किया गया था । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार में आने वाले स्मारकों/स्थलों के लिए एक विरासत अपनाएं परियोजना के तहत विभिन्न स्मारक मित्रों के साथ हस्ताक्षरित 23 समझौता ज्ञापनों की राज्य-वार सूची पर्यटन मंत्रालय द्वारा संस्कृति मंत्रालय को हस्तांतरित कर दी गई है जो कि **अनुबंध** में दी गई है ।

*****

अनुबंध

श्री रघु राम कृष्ण राजू द्वारा स्मारक मित्र योजना के संबंध में दिनांक 04.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †85 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

स्मारक मित्र योजना

संस्कृति मंत्रालय को हस्तांतरित 23 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की सूची ।

क्र. सं.	स्थल का नाम	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एजेंसी का नाम (स्मारक मित्र)
1.	लाल किला	दिल्ली	डालमिया भारत लिमिटेड
2.	गंडिकोटा किला	आंध्र प्रदेश	डालमिया भारत लिमिटेड
3.	सूरजकुंड	हरियाणा	ब्लिस इन (इंडिया) प्राइवेट लि. (वी-रिसॉर्ट्स)
4.	जंतर-मंतर	दिल्ली	एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स (प्र.) लि.
5.	अजंता की गुफाएं	महाराष्ट्र	यात्रा ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड
6.	कुतुब मीनार	दिल्ली	यात्रा ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड
7.	हम्पी और हजारा राम मंदिर	कर्नाटक	यात्रा ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड
8.	लेह पैलेस	लेह	यात्रा ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड
9.	प्रतिष्ठित स्थलों (एएसआई स्मारकों) के लिए बहुभाषी ऑडियो गाइड का विकास	i. धोलावीरा, गुजरात ii. हुमायूँ का मकबरा, दिल्ली ii. लाल किला, दिल्ली iv. पुराना किला दिल्ली v. फतेहपुर सीकरी, आगरा, उत्तर प्रदेश vi. ताजमहल, आगरा, उत्तर प्रदेश ii. महाबलीपुरम, तमिलनाडु ii. खजुराहो, मध्य प्रदेश	रेसबर्ड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (बर्ड हेरिटेज फाउंडेशन)
10.	अब्दुर रहीम खान-ए-खाना	दिल्ली	इंटरग्लोब फाउंडेशन
11.	बेकल किला	केरल	दृष्टि लाइफसेविंग प्राइवेट लिमिटेड
12.	चंपानेर-पावागढ़ पुरातात्विक पार्क	गुजरात	अक्षर ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड
13.	रानी की वाव, पाटन	गुजरात	अक्षर ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड
14.	सूर्य मंदिर, मोढेरा	गुजरात	अक्षर ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड
15.	बौद्ध गुफाएं, ऊपरकोट, जूनागढ़	गुजरात	अक्षर ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड
16.	अगुआड़ा किला	गोवा	दृष्टि लाइफसेविंग प्राइवेट लिमिटेड
17.	कृष्ण मंदिर, हम्पी	कर्नाटक	हेरिटेज रिसॉर्ट्स, हम्पी (इंडो

			एशिया लीजर सर्विसेज लिमिटेड की एक इकाई)
18.	एलीफेंटा अस्तबल, हम्पी	कर्नाटक	ऑरेंज काउंटी रिसॉर्ट्स एंड होटल्स लिमिटेड
19.	पट्टाभिराम मंदिर, हम्पी	कर्नाटक	ऑरेंज काउंटी रिसॉर्ट्स एंड होटल्स लिमिटेड
20.	**जनाना परिक्षेत्र** (लॉटस महल), हम्पी	कर्नाटक	ऑरेंज काउंटी रिसॉर्ट्स एंड होटल्स लिमिटेड
21.	उग्र नरसिम्हा मंदिर, हम्पी	कर्नाटक	होटल मल्लिगी प्राइवेट लिमिटेड
22.	बडाविलिंग मंदिर, हम्पी	कर्नाटक	होटल मल्लिगी प्राइवेट लिमिटेड
23.	मंडोर किला	राजस्थान	मेहरानगढ़ संग्रहालय ट्रस्ट

*****